प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक-25.09.2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-253//2024 धारा-317/318/336/338/340 बीएनएस के अन्तर्गत 01 नफर अभियुक्त बबलू पुत्र धनई प्रजापति को किया गया गिरफ्तार।

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.09.2024 को रात्रि गश्त, बार्डर बैरियर चेकिंग के दौरान हुसैनपुर पुलिया के पास एक कार(वाहन संख्या UP44M5046) आती दिखाई दी। जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने पर चालक कार रोकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेर कर समय करीब 04.40 AM पर पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम बबलू पुत्र धनई प्रजापति निवासी ग्राम टैनी हसनपुर थाना अखण्डनगर जिला सुल्तानपुर उम्र करीब 30 वर्ष बताया। वाहन चालक से कार के वैध कागजात माँगा गया तो फर्जी एवं कूटरचित कागाजात उपलब्ध कराये गये। उक्त वाहन को कब्जे में लेकर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त बबलू उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-253/2024 धारा 317/318/336/338/340 बीएनएस पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-

1. बबलू पुत्र धनई प्रजापति निवासी ग्राम टैनी हसनपुर थाना अखण्डनगर जिला सुल्तानपुर।

विवरण पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 253/2024 धारा 317/318/336/338/340 बीएनएस थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर

विवरण बरामदगी -

एक अदद कार इण्डिका (UP44M5046 रंग सफेद)

विवरण गिरफ्तारकर्ता टीम-

1. उ0नि0 रामबली सिंह यादव थाना मालीपुर अम्बेडकरनगर।
2. का0 ओमप्रकाश वर्मा थाना मालीपुर अम्बेडकरनगर।
3. का0 संदीप भारद्वाज थाना मालीपुर अम्बेडकरनगर।